# मॉडल – (01)
# विषय – अर्थशास्त्र, कक्षा – दसवीं (हाईस्कूल)
# विषय कोड – 214

समयः 3 घण्टे | पूर्णांक– 100

---

निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए (द) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।

## खण्ड (अ)

(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1 x 5 = 5)

**(i)** आर्थिक समस्याएं जन्म लेती है –

(अ) साधनों की सीमितता (ब) साधनों की प्रचुरता

(स) उपर्युक्त दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

**(ii)** उत्पादन के साधनों पर समाज के स्वामित्व वाली अर्थव्यवस्था है –

(अ) पूंजीवादी (ब) समाजवादी

(स) मिश्रित (द) इनमें से कोई नहीं

**(iii)** करेन्सी नोट कौन जारी करता है –

(अ) वाणिज्यिक बैंक (ब) केन्द्रीय बैंक

(स) सरकार (द) उपर्युक्त सभी

**(iv)** वर्ग 26–30 कर मध्य मूल्य है –

(अ) 28 (ब) 18

(स) 26 (द) 22

**(v)** वे प्राकृतिक संसाधन जो कि एक निश्चित मात्रा में प्रकृति में उपलब्ध है उसे कहते हैं

(अ) क्षयशील प्राकृतिक संसाधन (ब) अक्षयशील प्राकृतिक संसाधन

(स) उक्त दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड (ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1 x 5 = 5)

**(i)** हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने..................का प्रयोग करते हैं।

**(ii)** उत्पादन इकाई का स्वामी......................होता है

**(iii)** .......................को सरल दण्ड चित्र के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

**(iv)** यदि क्रेता की आय में कमी हो जाती है तो निकृष्ट वस्तुओं की मांग में......... हो जाती है।

**(v)** मुद्रा वह धुरी है जिसके चारों ओर......................... केन्द्रित है।

## खण्ड (स)

(स) बताइये निम्न कथन सत्य है या असत्य –

(i) साधनों की सीमितता ही आर्थिक समस्याओं के मूल कारण है।

(ii) औसत लागत = $\frac{\text{कुल लागत}}{\text{उत्पादन की मात्रा}}$

(iii) पूर्ति का नियम कलात्मक वस्तुओं पर लागू होता है।

(iv) विक्रेता सदैव अपनी वस्तुओं की कीमतें उसकी उत्पादन लागत के बराबर निश्चित करता है।

(v) चिकित्सा बीमा एक बीमा योजना का नाम है।

## खण्ड (द)

(द) एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए – (1 x 5 = 5)

(i) मानवीय आवश्यकताएं किनके उपभोग से संतुष्ट होती है ?

(ii) पूंजी गहन तकनीक किसे कहते हैं ?

(iii) यदि डीजल की कीमत बढ़ने के कारण परिवहन लागत बढ़ जाती है तो आपके द्वारा निश्चित की गई टमाटर की कीमत पर क्या प्रभाव पड़ेगा। ?

(iv) विश्व उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है ?

(v) वस्तु की एक इकाई के बदले में क्रेता विक्रेता को जो मुद्रा देते है, उसे उस वस्तु का क्या कहते हैं ?

प्रश्न 2. व्यष्टि अर्थशास्त्र किसे कहते हैं ? 2

प्रश्न 3. भूमि एवं पूंजी में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई दो) 2

प्रश्न 4. संतुलन कीमत से क्या अभिप्राय है ? 2

प्रश्न 5. साख की परिभाषा दीजिए। 2

प्रश्न 6. द्वितीयक आंकड़ों के स्त्रोतों के नाम लिखिए। (कोई दो) 2

प्रश्न 7. समांतर माध्य की गणना का मौलिक सूत्र लिखिए। 2

प्रश्न 8. जमीदारों के विषय में दो वाक्य लिखिए। 2

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न 9. | लघुउद्योग की परिभाषा लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 10. | उपभोक्ता जागरूकता का क्या अर्थ है। | 2 |
| प्रश्न 11. | ध्वनि प्रदूषण से क्या आशय है ? | 2 |
| प्रश्न 12. | पर्यावरण के प्रमुख घटकों के नाम लिखिए। | 2 |
| प्रश्न 13. | आर्थिक संवृद्धि से क्या तात्पर्य है ? | 2 |
| प्रश्न 14. | वस्तुओं की विशेषताएं लिखिए ? (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 15. | अर्थव्यवस्था की तीन केन्द्रीय समस्याओं के नाम लिखिए ? | 3 |
| प्रश्न 16. | साझेदारी एवं एकल स्वामित्व में अंतर स्पष्ट कीजिए ? (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 17. | कुल लागत तथा औसत लागत की गणना कैसे कर सकते हैं ? | 3 |
| प्रश्न 18. | रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के कार्य लिखिए। (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 19. | वस्तु विनिमय प्रणाली के दोष लिखिए। (कोई तीन) | 3 |
| प्रश्न 20. | हमें अपने आवश्यकताओं को सीमित क्यों करना चाहिए ? | 4 |

अथवा

सेवाओं की विशेषताएं लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 21. आर्थिक विकास के निर्धारक तत्वों का वर्णन कीजिए । (कोई चार) **2 + 2 = 4**

अथवा

उद्यमी के प्रमुख कार्यों को लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 22. बचत की परिभाषा दीजिए एवं इसके दो उपयोग लिखिए। **2 + 2 = 4**

अथवा

धातु मुद्रा एवं पत्रमुद्रा में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 23. निम्न आंकड़ों की सहायता से एक सरदण्ड चित्र बनाइये – **2 + 2 = 4**

| राज्य | राजस्थान | पंजाब | गुजरात |
|---|---|---|---|
| **प्रबंधन कॉलेजों की संख्या** | **200** | **400** | **150** |

अथवा

निम्न आंकड़ों की सहायता से समांतर माध्य की गणना कीजिए –

| **प्रति परिवार बच्चोंकी संख्या** | **0** | **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **प्रबंधन कॉलेजों की संख्या** | **13** | **17** | **20** | **40** | **20** | **17** | **13** |

प्रश्न 24. माँग के नियम की मान्यताएं लिखिए। (कोई पांच) **5 X 1 = 5**

अथवा

आपूर्ति के नियम के लागू होने के कारण्ण लिखिए। (कोई पांच)

प्रश्न 25. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभों की व्याख्या कीजिए। (कोई पांच) **5 X 1 = 5**

अथवा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्न 26. पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। (कोई छः) **6 X 1 = 6**

अथवा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली से क्या अभिप्राय है। इनके आवश्यक तत्वों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 27. क्या आपके विचार में भारत एक गरीब देश है ? अपने उत्तर के पक्ष में कारण दीजिए। (कोई छः)

Do you think India is a poor country ? Give reasons in favor your answer.

अथवा

तृतीयक क्षेत्र की भूमिका तथा महत्व की व्याख्या कीजिए।

---------xx---------